आँगनबाड़ी सेविका द्वारा तैयार किये मासिक प्रगति प्रतिवेदन के आँकड़ों की जाँच करना एवं ससमय परियोजना कार्यालय में उपलब्ध कराने हेतु निदेश देना।

इस संबंध में महिला पर्यवेक्षिका द्वारा एक दैनन्दिनी भी रखी जाएगी, जिसमें आँगनबाड़ी केन्द्रों से संबंधित आँकड़ों, गर्भवती एवं धात्री माताओं की संख्या, विभिन्न प्रकार के सेवाओं से संबंधित लाभार्थियों की संख्या, अतिकुपोषित बच्चों की संख्या आदि उपलब्ध हो।

सामुदायिक सहभागिता को सुनिश्चित करने संबंधी कार्य :

सेविका को स्वास्थ्य एवं पोषण शिक्षा कार्यक्रम के संचालन, नवजात शिशुओं को होने वाली बीमारियों से बचाव के संबंध में महिलाओं को जानकारी/प्रशिक्षित करने हेतु उत्प्रेरित एवं सहयोग करना। अतिकुपोषित बच्चों एवं जोखिम वाली माताओं के घर का भ्रमण करना तथा आँगनबाड़ी सेविकाओं एवं माताओं को उनके सही देखरेख हेतु निदेश देना, साथ ही महिला मंडल की बैठक के आयोजन एवं उनके सशक्तिकरण में सहयोग प्रदान करना।

गाँवों में ग्राम पंचायत, महिला मंडल, गणमान्य व्यक्तियों, स्थानीय संस्थाओं प्राथमिक विद्यालय एवं युवा क्लब आदि से सम्पर्क स्थापित कर उन्हें समेकित बाल विकास सेवा कार्यक्रम में शामिल करना।

सेवाओं का सुदृढ़ीकरण संबंधी कार्य :

महिला पर्यवेक्षिका सदैव आँगनबाड़ी सेविका को दिये गये प्रशिक्षण एवं उनके द्वारा सम्पादित किये जाने वाले कार्य के बीच कड़ी के रूप में कार्य करते हुए बच्चों विशेष रूप से अतिकुपोषित बच्चों के संबंध में सही उम्र, उनका सही वजन लेकर ग्रोथ चार्ट में अंकित करने का निर्देश देना।

आँगनबाड़ी सेविकाओं को स्कूल पूर्व शिक्षा के संचालन में कहानी कहने, खेल का आयोजन करने, रंगों की पहचान कराने आदि से संबंधित निदेश मार्गदर्शन देना।

बचपन दिवस, ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस, जैसे – महत्वपूर्ण दिवसों में शामिल होकर कार्यक्रम की गुणवत्ता को बढ़ाना आपके महत्वपूर्ण दायित्वों में आते है।

आँगनबाड़ी सेविका/सहायिका

आँगनबाड़ी सेविका :

समेकित बाल विकास सेवा कार्यक्रम के कार्यान्वयन हेतु योजना का निर्माण संबंधी कार्य :

आँगनबाड़ी सेविका को सर्वप्रथम अपनी सेवाओं के निष्पादन के लिए अपने पोषक क्षेत्र का नजरी नक्शा, सर्वेक्षण द्वारा लाभार्थियों की सूची बनाना शामिल है। जन्म व मृत्यु का पंजीकरण, लाभार्थियों की सूची एवं आँगनबाड़ी केन्द्र पर दी जाने वाली सेवाओं की सूचना के प्रदर्शन के साथ आँगनबाड़ी केन्द्र पर साईन बोर्ड भवन के बाहर प्रमुखता से लगाया जाना, इनका प्रमुख कार्य है।

समेकित बाल विकास सेवा कार्यक्रम अंतर्गत आँगनबाड़ी केन्द्र पर लाभुकों को सेवाओं को उपलब्ध कराने संबंधी कार्य :

आँगनबाड़ी केन्द्र पर साफ–सफाई, स्कूल पूर्व शिक्षा में नामांकित बच्चों के बैठने हेतु पर्याप्त स्थान, केन्द्र पर हवा एवं प्रकाश की समुचित रूप से उपलब्धता सुनिश्चित कराना तथा आँगनबाड़ी केन्द्र नियमित रूप से खुलना एवं बन्द करना, नियमित रूप से केन्द्र पर पोशाक में उपस्थित होना, प्री स्कूल किट्स, मेडिसीन किट्स, पोस्टर, बर्त्तन, चटाई, दरी इत्यादि का केन्द्र पर रख–रखाव, सेविका/सहायिका का संयुक्त दायित्व होगा।

दैनिक मेनू तथा पोषाहार मात्रा की सूची को केन्द्र पर प्रदर्शित करना, प्रतिदिन स्कूल पूर्व शिक्षा के बच्चों को सुबह का नाश्ता वितरित करना, निर्धारित मेनू तथा मात्रा के अनुसार दैनिक पोषाहार बनाना तथा वितरित करना, घर ले जाने योग्य सूखा राशन (टी0एच0आर0) को निर्धारित मात्रा में तराजू से तौलकर पैकेट तैयार कर निर्धारित दिवस को निश्चित रूप से वितरण करना, महत्वपूर्ण दायित्व है।

प्रतिदिन 3 से 6 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को केन्द्र पर स्कूल पूर्व शिक्षा प्रदान करना।

बेबी वजन मशीन एवं व्यस्क वजन मशीन निश्चित रूप से केन्द्र पर रखना तथा 0 से 5 वर्ष तक के सभी बच्चों का प्रत्येक माह वजन लेकर WHO वृद्धि निगरानी पंजी में संधारित करना तथा आवश्यकतानुसार बच्चे के माता–पिता या अभिभावक को उचित परामर्श देना।

स्तनपान को बढ़ावा व माताओं को शिशु की देखभाल हेतु उचित परामर्श देना, किशोरी बालिकाओं, महिलाओं व समुदाय को स्वास्थ्य व पोषण शिक्षा देना, गर्भवती महिलाओं को जन्म की तैयारी के बारे में सलाह देना, सामुदायिक बैठक एवं गृह भ्रमण द्वारा बच्चों एवं महिलाओं के पोषण, स्वास्थ्य, साफ–सफाई इत्यादि विषयों पर उचित परामर्श।

बच्चों में विकलांगता का पता लगाना, प्रारंभिक चिकित्सीय देखभाल, अतिकुपोषित अथवा बीमारी के लक्षण वाले बच्चों एवं महिलाओं की निकटतम प्राथमिक केन्द्र पर रेफर करने का कार्य, स्वास्थ्य जाँच एवं वृद्धि निगरानी के दौरान जो बच्चे एवं महिलाएँ बीमार अथवा कुपोषित पाये जाते है तो उन्हें प्रारंभिक चिकित्सीय देखभाल के साथ निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र भेजना।

स्वास्थ्य जाँच एवं टीकाकरण हेतु Due List तैयार करना, केन्द्र के पोषक क्षेत्र के सभी बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं का नियमित स्वास्थ्य जाँच एवं प्रतिरक्षीकरण हेतु ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पोषण दिवस (VHSND) का आयोजन करना, बच्चों में पोलियो उन्मूलन हेतु पल्स पोलियो अभियानों, किशोरी शक्ति योजना व किशोरी बालिकाओं हेतु अन्य राष्ट्रीय कार्यक्रम का कार्यान्वयन प्रतिदिन 3 से 6 वर्ष तक के सभी पंजीकृत बच्चों को केन्द्र पर स्कूल पूर्व शिक्षा प्रदान करना।

आँगनबाड़ी सहायिका :

- पानी उबालकर फिल्टर में रखना
- बच्चों की साफ–सफाई का ध्यान रखना
- छोटे बच्चों को घरों से लाना और छोड़ना
- टी0एच0आर0 वितरण दिवस के दिन लाभुकों को बुलाना
- बैठकों व अन्य कार्यक्रमों में उपस्थित होने के लिए लाभार्थियों, माता–पिता व अन्य व्यक्तियों को सूचित करना
- आँगनबाड़ी सेविका की देख–रेख में आँगनबाड़ी केन्द्र खोलना और बन्द करना
- आँगनबाड़ी सेविका के बीमार होने या छुट्टी पर होने पर उसके सभी कार्यदायित्वों को निभाना